


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 24 नवम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 85 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## टूटा हुआ तारा नदिया की धारा, है कौन ऐसा जो लौटा के लाए
## हमसे जो बिछड़ा है साथी हमारा, है कौन ऐसा जो लौटा के लाए

# अब ये नजर रास्ते से हटा लो

## ही-मैन धर्मेंद्र ने दुनिया को कहा-अलविदा



**● श्मशान भूमि पर पहुंचे सभी छोटे बड़े फिल्मी सितारे**

**● अमिताभ, अभिषेक, आमिर, सलीम खान के साथ अन्य फिल्मी सितारों ने दी श्रद्धांजलि**

**मुम्बई।** हिन्दी सिने जगत् के हीमैन धर्मेंद्र अब इस दुनिया में नहीं रहे। वह लंबे समय से बीमार थे और ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती थे। 12 नवंबर को ही उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर घर लाया गया था। बॉलीवुड के ही-मैन कहे जाने वाले दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने 89 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। आज दोपहर 1 बजकर 10 मिनट पर IANS ने धर्मेंद्र के निधन की खबर की पुष्टि की है। धर्मेंद्र के निधन से देओल परिवार समेत पूरे सिनेमा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उम्र संबंधी बीमारियों के चलते धर्मेंद्र पिछले कुछ वक्त मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती रहे। इसके बाद घर पर उनका इलाज चल रहा था। लेकिन अब उनके निधन की खबर सामने आई है। प्रोड्यूसर करण जौहर ने सोशल मीडिया पोस्ट करके दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन की जानकारी दी। उनका अंतिम संस्कार विले पार्ले श्मशान भूमि में किया गया जिसमें अमिताभ बच्चन, आमिर खान समेत कई सेलेब्स पहुंचे। बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त भी श्मशान भूमि पहुंचे। वहीं काजोल ने बेटे युग के साथ धर्मेंद्र की एक तस्वीर शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। डायलॉग राइटर और सलमान खान के पिता सलीम खान भी विले पार्ले श्मशान भूमि पहुंच चुके हैं। करण जौहर ने लिखा, यह एक युग का अंत है, एक विशाल मेगास्टार, मुख्यधारा के सिनेमा में एक सच्चे हीरो की पहचान, अविश्वसनीय रूप से हैंडसम और रहस्यमयी स्क्रीन प्रेजेंस वाले। वह हैं और हमेशा रहेंगे भारतीय सिनेमा के एक सच्चे दिग्गज। सिनेमा के इतिहास के पन्नों में उनका नाम सदैव चमकता रहेगा। पर सबसे बढ़कर, वह एक बेहतरीन इंसान थे। हमारी इंडस्ट्री में हर कोई उनसे बेहिसाब प्यार करता था। उनके दिल में हर किसी के लिए सिर्फ प्यार और सकारात्मकता थी। उनका आशीर्वाद, अद्भुत स्नेह, इन सबकी कमी को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। आज हमारी इंडस्ट्री में एक ऐसा खालीपन है। जिसे कोई भी कभी भर नहीं सकेगा। वह हमेशा के लिए एक और एकमात्र धरमजी रहेंगे। बताते चलें कि धर्मेंद्र, वो बड़े स्टार जिन्होंने हिंदी सिनेमा के सुनहरे दौर को अपने आसान चार्म, ज़बरदस्त स्क्रीन प्रेज़ेंस और बेमिसाल वर्सेटिलिटी से पहचाना। बॉलीवुड के ओरिजिनल 'ही-मैन' के तौर पर मशहूर, इस पुराने एक्टर ने एक ऐसी फ़िल्मोग्राफ़ी छोड़ी है जिसने पीढ़ियों को बनाया और एक ऐसी यादगार विरासत छोड़ी है जिसने भारतीय सिनेमा का माहौल हमेशा के लिए बदल दिया। धर्मेंद्र केवल कृष्ण देओल का जन्म 8 दिसंबर, 1935 को पंजाब के नसराली गाँव में हुआ था। एक स्कूल-टीचर के बेटे के तौर पर पले-बढ़े, उनके मन में अपने गाँव के माहौल से कहीं आगे की ख्वाहिशें थीं। 1958 में, उन्होंने फ़िल्मफ़ेयर मैगज़ीन और बिमल रॉय प्रोडक्शंस द्वारा आयोजित एक देशव्यापी टैलेंट सर्च जीता, जिसने उन्हें मुंबई और फ़िल्मी मंच पर पहुँचाया। उनकी पहली फ़िल्म इसके तुरंत बाद आई—दिल भी तेरा हम भी तेरे (1960)—हालाँकि यह कमर्शियली ज़्यादा नहीं चली। 1960 के दशक की शुरुआत में, धर्मेंद्र ने अनुपमा (1966) और फूल और पत्थर (1966) जैसी फ़िल्मों से अपनी रेंज दिखाई—बाद वाली फ़िल्म ने उन्हें एक लीडिंग एक्टर और हिंदी सिनेमा के पहले एक्शन स्टार्स में से एक के तौर पर पहचान दिलाई। 1970 के दशक तक, वह हिंदी फ़िल्मों में एक बड़ी ताकत बन गए। उन्होंने चुपके चुपके (1975) में कॉमेडी से दर्शकों को लुभाया, रोमांटिक रोल में अपनी काबिलियत साबित की, और हाई-वोल्टेज एक्शन में बेहतरीन काम किया। शोले (1975) में 'वीरू' के तौर पर उनकी परफॉर्मेंस न सिर्फ़ आइकॉनिक बनी बल्कि इस फ़िल्म को भारतीय सिनेमा में एक अहम मोड़ के तौर पर पक्का करने में भी मदद की। अपनी ऑन-स्क्रीन हीरोइनों के बावजूद, धर्मेंद्र विनम्र रहे।

## बस पलटने से 50 सवारियां घायल नोएडा से लखनऊ जा रही थी गाड़ी

**मथुरा।** थाना बलदेव क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे पर रविवार देर रात डेढ़ बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 127 पर नोएडा आगरा मार्ग पर यात्रियों से भरी एक बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद चीखपुकार मच गई। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से 50 घायल यात्रियों को अस्पताल भेजा, जहां तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। 55 से 60 सवारियां लेकर नोएडा से लखनऊ जा रही एक निजी बस रविवार देर रात डेढ़ बजे थाना बलदेव क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे पर माइलस्टोन 127 पर नोएडा आगरा मार्ग अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस ने घायलों को बाहर निकाला और उनको जिला अस्पताल भेजा। वहीं आठ घायल आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज भी भेजे गए हैं।

## पाकिस्तान में दोहरा हमला, तीन की मौत, रुक-रुक कर गोलाबारी जारी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में सोमवार को उत्तर-पश्चिमी शहर पेशावर में बंदूकधारियों ने एक पैरा मिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर पर हमला किया। रॉयटर्स के मुताबिक, फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी पैरामिलिट्री फोर्स के हेडक्वार्टर पर दो सुसाइड बॉम्बर ने भी हमला किया, जिसमें तीन लोग मारे गए। एक सीनियर अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, 'पहले सुसाइड बॉम्बर ने कॉन्स्टेबुलरी के मेन गेट पर हमला किया और दूसरा कंपाउंड में घुस गया।' इस समय आर्मी और पुलिस समेत लॉ एनफोर्समेंट ने इलाके को घेर लिया है और हालात पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है, क्योंकि शक है कि हेडक्वार्टर के अंदर कुछ आतंकवादी अभी भी मौजूद हैं।'

## बीएलओ नाम काटने आए तो उसे कमरे में बंद कर दें', झारखंड के मंत्री के बयान से सियासी तूफान

**रांची।** झारखंड में एसआईआर को लेकर राजनीतिक विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। इसी बीच स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी का एक विवादित बयान परिस्थितियों को और गर्म कर गया है। जामताड़ा में एक कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि यदि एसआईआर के नाम पर कोई BLO वोटर लिस्ट से नाम काटने या वेरिफिकेशन करने आपके घर पहुंचे, तो उसे आप अपने घर के कमरे में बंद कर दें और उन्हें फोन कर इसकी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि उनके पहुंचने के बाद ही BLO को छोड़ा जाए। इरफान अंसारी के बयान के सामने आते ही पूरे राज्य में सियासी तूफान खड़ा हो गया। विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्ता पक्ष में भी इस बयान को लेकर नाराजगी देखने को मिली। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मंत्री के कथन को असंवैधानिक बताते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज की। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि एसआईआर का विरोध लोकतांत्रिक तरीकों से होना चाहिए, न कि सरकारी कर्मचारियों को कमरे में बंद करने जैसे असंवैधानिक कदम उठाकर।



## जस्टिस सूर्यकांत बने देश के 53वें CJI

**● 15 महीने का होगा कार्यकाल**

**नई दिल्ली।** जस्टिस सूर्यकांत आज भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश (CJI) की शपथ ग्रहण की है। CJI के रूप में उनका कार्यकाल 15 महीनों का होगा। वो CJI भूषण आर गवई की जगह लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जस्टिस सूर्यकांत को CJI की शपथ दिलाई है। CJI भूषण आर गवई ने संविधान के अनुच्छेद 124 की धारा 2 के तहत अगले CJI के लिए जस्टिस सूर्यकांत का नाम सामने रखा था। राष्ट्रपति ने इसपर मुहर लगाते हुए जस्टिस सूर्यकांत को देश का 53वां CJI नियुक्त कर दिया है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित जस्टिस सूर्यकांत के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वाणिज्य मंत्री पियूष गोयल भी मौजूद थे। जस्टिस सूर्यकांत को 30 अक्टूबर 2025 को CJI नियुक्त किया गया था और वो 9 फरवरी 2027 तक इस पद पर रहेंगे।


## माओवादी का पोस्टर लेकर प्रदर्शन

### नारेबाजी, मिर्ची स्प्रे का इस्तेमाल, 15 से ज्यादा गिरफ्तार



**● मादवी हिडमा अमर रहे का नारा किया बुलंद**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में इंडिया गेट पर प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे 15 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार में लिया गया है। पुलिसवालों पर मिर्च स्प्रे इस्तेमाल करने और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में इन्हें गिरफ्तार किया गया है। इंडिया गेट पर प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शकारियों के हाथ में कुख्यात माओवादी नेता मादवी हिडमा के समर्थन में पोस्टर देखे गए। प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने 'मादवी हिडमा अमर रहे' जैसे नारे लगाए। मादवी हिडमा आंध्र प्रदेश में एक मुठभेड़ में मारा गया था। इसके बाद पुलिस ने कड़ा एक्शन लेते हुए प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और 15 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। मादवी हिडमा, नक्सलियों का 'पोस्टर बॉय' माना जाता है और कई हमलों में शामिल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## समुद्री सुरक्षा को समर्पित युद्धपोत नौसेना में शामिल

**● 80 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से तैयार किया गया है आईएनएस माहे**



**मुंबई।** भारतीय नौसेना ने आज सोमवार को INS माहे को जलावतरण किया, जो माहे-क्लास का पहला पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जलयान (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) है, जिससे इसकी लड़ाकू ताकत बढ़ने की उम्मीद है। पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन की तरफ से आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने की है। माहे का जलावतरण स्वदेशी उथले पानी के लड़ाकू विमानों की एक नई पीढ़ी के आगमन का प्रतीक है- आकर्षक, तेज और पूरी तरह से भारतीय। 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ, माहे-श्रेणी युद्धपोत डिजाइन, निर्माण और एकीकरण में भारत की बढ़ती महारत को दर्शाता है। आईएनएस माहे पश्चिमी समुद्र तट पर एक 'साइलेंट हंटर' के रूप में काम करेगी। भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए समर्पित होगी। माहे को तटीय निगरानी करने और समुद्री सीमाओं की सुरक्षा जैसे अभियानों के लिए बनाया गया है।

## डांसर के साथ गंदी हरकत कर रहे बाराती को रोकने पर दुल्हन के भाई का कत्ल

**मढ़ौरा ( सारण )।** बिहार के मढ़ौरा थाना क्षेत्र के भावलपुर गांव में बारात के दौरान आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में हुए विवाद ने रविवार की देर रात हिंसक रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रिंकू कुमार के रूप में की गई है, जिसकी बहन की शादी थी और घर में खुशी का माहौल पल भर में मातम में बदल गया। घटना के संबंध में बताया गया कि बरात में चल रहे आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान कुछ युवकों द्वारा महिला डांसर के साथ अशोभनीय हरकत की जा रही थी। इसे लड़की पक्ष के लोगों ने रोकने का प्रयास किया, जिस पर आरोपित पक्ष भड़क गया। देखते ही देखते विवाद तेजी से बढ़ा और मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान आरोपी युवकों ने रिंकू कुमार पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर जब पुलिस पहुंची तो आक्रोशित स्वजनों और ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि भीड़ ने पुलिस पर हमला तक कर दिया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 24 नवम्बर, सोमवार, 2025 (2)










# IMA चुनाव का बजा बिगुल




### ● 29 नवंबर तक मिलेगा पर्चा, 6 दिसंबर तक नामांकन; 79 पदों पर किस्मत आजमाएंगे डॉक्टर्स

**वाराणसी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) वाराणसी शाखा की नई कार्यकारिणी गठन का आज से शंखनाद हो गया। सुबह से डॉक्टरों की नई यूनियन के चुनाव की प्रकिया सोमवार से शुरू हो गई। आज से 29 नवंबर तक नामांकन पत्र का वितरण आईएमए परिसर में बने चुनाव कार्यालय से किया जाएगा। डॉक्टर छह दिसंबर तक अपना नामा-ंकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। चुनाव अधिकारी डॉ. अजीत सैगल ने बताया कि 21 दिसंबर को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा और उसी दिन शाम 6 बजे से मतगणना भी करवाई जाएगी। इस बार चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव समेत मुख्य 14 पदों और एक्जीक्यूटिव काउंसिल मेंबर्स 21 और स्टेट काउंसिल प्रतिनिधि के 44 पदों पर चुनाव करवाया जाएगा। अध्यक्ष (1), उपाध्यक्ष (3), संयुक्त सचिव (2), वित्त सचिव, साइंटिफिक सचिव, सचिव जनसंपर्क, सोशल सेक्रेटरी, लाइब्रेरी सेक्रेटरी, प्रॉपर्टी सेक्रेटरी, इंटरनल ऑडिटर (प्रत्येक 1) के पदों के लिए होगा। इसके अलावा एक्जीक्यूटिव काउंसिल मेंबर के 21 और रिप्रजेंटेशन टू स्टेट काउंसिल के 44 पदों पर भी वोट पड़ेंगे। 6 दिसंबर तक नामांकन पत्र जमा करने के बाद 8 दिसंबर तक इसकी जांच कर वैध प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। इसके बाद 10 दिसंबर की शाम 5 बजे तक नामवापसी होनी है। इसके बाद चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी। चुनाव 21 दिसंबर को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कराया जाएगा।

## रामंदिर ध्वजारोहण में आमंत्रित किए गए दानदाता



### ● नहीं पूछे गए शंकराचार्य, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कसा तंज

**वाराणसी।** अयोध्या में राममंदिर के लिए तैयार की गई धर्मध्वजा जन्मभूमि पहुंच चुकी है। 25 नवंबर को ध्वजारोहण समारोह में पीएम मोदी राम मंदिर के 191 फीट ऊंचे शिखर पर पहली बार यह ध्वज फहराएंगे। लेकिन, समारोह में शंकराचार्यों को नहीं बुलाया गया है। वहीं, ध्वजारोहण समारोह में उन 100 दानदाताओं को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने राम मंदिर निर्माण में 2 करोड़ से ज्यादा दान दिया था। लखनऊ, अयोध्या सहित आसपास के 25 जिलों के लोगों और किसानों को खास महत्व दिया गया है। इसको लेकर ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा- मैंने तो शास्त्रों में ऐसा कहीं उल्लेख पढ़ा नहीं कि ध्वजारोहण किया जाए। शिखर की प्रतिष्ठा होती है। शिखर की प्रतिष्ठा तो हुई नहीं। इसीलिए मैं कह रहा हूं कि शास्त्र के अनुसार कुछ होता हुआ दिखाई दे, तो हम लोग उसमें भाग लें। मनमाना कुछ हो रहा है, तो उसमें हमारे भाग लेने का कोई मतलब नहीं।

## काशी तमिल संगमम-4 : पोस्टर प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**वाराणसी।** वाराणसी में आयोजित काशी तमिल संगमम–4 के तहत सोमवार को दृश्य कला संकाय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय में एक भव्य पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में काशी और तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत को एक सूत्र में पिरोने का अनोखा प्रयास देखने को मिला। 'यूनिटी विथ डायवर्सिटी (अनेकता में एकता)' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में 150 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाओं को आकर्षक रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता में काशी विद्यापीठ, जीवन दीप पब्लिश, सब वीम तथा बीएचयू के विभिन्न संस्थानों के छात्र शामिल हुए। बच्चों ने काशी और दक्षिण भारत की विविध परंपराओं, पद्धतियों, वेशभूषा, लोक-संस्कृति और जीवन-पद्धति को आधार बनाते हुए सुंदर पेंटिंग्स तैयार कीं। गीत-संगीत के माहौल में विद्यार्थी अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उकेरते रहे। आयोजन स्थल कला और संस्कृति के उत्सव में बदल गया जहाँ हर पोस्टर अनेकता में एकता की कहानी बयान कर रहा था।

## ओमकार यूरोलॉजी सेंटर में लगाया गया गुर्दा-मूत्र एवं हड्डी-जोड़ रोग निःशुल्क शिविर

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )। महमूरगंज** स्थित ओमकार यूरोलॉजी सेंटर एण्ड हॉस्पिटल में निःशुल्क गुर्दा-मूत्र एवं हड्डी जोड़ रोग शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया जिसमें लगभग 150- मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर में मरीजों को निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श के साथ प्रोस्टेट कैंसर जांच, यूरोफ्लोमीटर से पेशाब की धारा की जांच, पेशाब संबंधी समस्याओं की दवाएं तथा बीएमडी हड्डियों की घनत्व जांच गुप्त उपलब्ध करायी गयी। रक्त जांचों पर 30 प्रतिशत छूट तथा सर्जरी और डायलिसिस पर विशेष रियायत प्रदान की गयी। शिविर में वरिष्ठ यूरोलॉजी विशेषज्ञ डा. अमित कुमार और हड्डी-जोड़ विशेषज्ञ डा. अभिषेक मिश्रा ने मरीजों को परामर्श दिया।

## वात्सल्य हॉस्पिटल में लगाया गया निःशुल्क बालरोग कैंप

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** वात्सल्य सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, अर्दली बाजार के सौजन्य से रविवार को स्वास्तिक गार्डेनिया सोसाइटी परिसर में निःशुल्क बालरोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत बच्चों को विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं परामर्श दिया गया। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डा. दिव्यांक पाठक, डा. मनीषा पाठक, डा. ग्रीष्मा सुरेश आदि ने सेवाएं दीं। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डा. विपिन सिंह तथा सचिव शैलेंद्र प्रधान उपस्थित रहे। इस अवसर पर डा. दिव्यांक ने कहा कि वात्सल्य चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं एवं उपचार उपलब्ध है। डा. विपिन ने कहा कि ऐसे शिविर का आयोजन समाज के लिए अत्यन्त लाभकारी है।

## बीएचयू दीक्षांत समारोह : छह दिन बंटेंगे उत्तरीय-साफा, 12 को मुख्य समारोह

**वाराणसी।** बीएचयू में 105वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां चल रही हैं। 12 दिसंबर को आयोजित स्वतंत्रता भवन में दीक्षांत समारोह के लिए छह दिसंबर से 11 दिसंबर तक विद्यार्थियों में दीक्षांत परिधान उत्तरीय और साफा का वितरण संबंधित संकायों से होगा। विद्यार्थियों में डिग्री का वितरण 12 से 16 दिसंबर तक संकायों में किया जाएगा। विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह को लेकर परीक्षा विभाग के साथ ही संकायों में भी तैयारियां चल रही हैं।

## जनपद में पहुंचने लगीं हिमालय की सर्द हवाएं

### ● तापमान में गिरावट शुरू, अब ठंड दिखाएगी अपने तेवर

**वाराणसी।** हिमालय की ओर से चली बर्फीली उत्तरी-पश्चिमी हवा रविवार को जनपद की सीमा में प्रवेश कर गई और इसके साथ ही तापमान में गिरावट का क्रम आरंभ हो गया। आर्द्रता घटने लगी और शुष्क हवाओं ने ठंड बढ़ा दी। शनिवार की आधी रात होने के पहले से ही कोहरे ने अपनी चादर फैलानी शुरू कर दी और सुबह के आठ बजे तक दृश्यता 500 मीटर तक पहुंच गई थी। इससे सड़कों पर वाहनों की रफ्तार कम हो गई। लोगों के शरीर पर ऊनी कपड़े थोड़े और मोटे हो गए। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि अगले दो-तीन दिनों में तापमान में दो-तीनष्ट सेल्सियस तक की गिरावट आएगी। मौसम के इस परिवर्तन काल में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ स्थित आंचलिक कार्यालय के अनुसार प्रदेश में अभी तक कोई मौसम तंत्र सक्रिय नहीं है, हिमालय के पश्चिमी क्षेत्र में बर्फबारी हो रही है। अब हवा की दिशा घूम गई है और उत्तर-पश्चिम से आने वाली हवा हिमालयी बर्फबारी के प्रभाव को अपने साथ समेटे इधर पहुंचने लगी है। पछुआ हवा का हल्का प्रभाव जब बनारस की ओर पहुंचा तो शनिवार की रात से ही कोहरे का प्रभाव बढ़ गया। रात 11 बजे से ही मध्यम कोहरे ने अपनी चादर फैलानी शुरू कर दी जो सुबह के आठ बजे तक क्रमशः घनी होती चली गई और दृश्यता 500 मीटर तक आ गई।

## दहेज की मांग पर शादी टूटी

**वाराणसी।** वाराणसी में एक शादी दहेज की मांग पूरी न होने पर टूट गई। दूल्हे और उसके परिजनों ने कथित तौर पर 1 लाख 51 हजार रुपए की मांग की, जिसे पूरा न कर पाने पर उन्होंने शादी से इनकार कर दिया। दुल्हन ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद शिवपुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।यह घटना शिवपुर थाना क्षेत्र के बसही स्थित मंगल मंडपम में हुई। नई बस्ती पांडेपुर निवासी चांदनी जायसवाल की शादी सुरियावा, भदोही के रोहित जायसवाल पुत्र राजेश जायसवाल से तय हुई थी। 23 मई 2025 को छेका की रस्म पूरी हुई थी।छेका की रस्म में चांदनी के पिता ने लड़के को सोने के आभूषण, 5100 रुपए शगुन, लड़के की मां को 21000 रुपए और रिश्तेदारों को विदाई व शगुन में कुल 1 लाख रुपए दिए थे। शादी की तारीख 23 नवंबर तय हुई थी।

## दीनदयाल अस्पताल में वार्ड ब्यॉय ने मरीजा से किया दुष्कर्म



### ● महिला ने खाया जहर, आरोपी फरार

**वाराणसी।** वाराणसी के दीनदयाल अस्पताल में इलाज क-राने आई महिला से परिसर में ही दुष्कर्म का मामला सामने आया है। डीडीयू अस्पताल के एक वार्ड ब्वॉय पर इलाज कराने के दौरान वारदात को अंजाम दिया। जब महिला ने विरोध किया तो उसे धमकाया और उसकी वीडियो बना ली। लगातार शोषण से परेशान होकर महिला ने जहर खा लिया था, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई दिन तक खामोश रही लेकिन मौका पाकर आरोपी के खिलाफ सीएमएस से मिलकर शिकायत की।महिला से बलात्कार और ब्लैकमेलिंग का गंभीर आरोप विभागीय जांच में सही पाया गया है। पीड़िता ने अस्पताल प्रशासन को शिकायत देते हुए बताया कि वार्ड ब्वॉय इलाज के नाम पर उसे देर तक रोकता था, बातों में फंसाकर एक कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसने वीडियो बनाकर धमकाना शुरू कर दिया और बार-बार बुलाकर दुराचार करता रहा। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन ने वार्ड ब्वॉय का पटल बदल दिया था। इसी बीच विभागीय जांच में आरोप सिद्ध होने के बाद से वह पिछले 15 दिनों से लापता चल रहा है। शोषण से परेशान होकर महिला ने जहर खा लिया था, हालांकि सही समय पर उपचार के दौरान उसे बचा लिया गया।

## विद्यापीठ से सम्बद्ध कॉलेजों को नोडल सेंटर से मिलेंगी कॉपियां, परीक्षाएं अगले माह पहले सप्ताह से

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध कॉलेजों में पांच दिसंबर से होने वाली परीक्षा को लेकर जिलेवार केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया चल रही है। इस बार स्नातक और स्नातकोत्तर की परीक्षाओं के लिए पांच जिलों में 80 से अधिक केंद्र बनाए जाने हैं। इस सप्ताह केंद्रों की सूची फाइनल हो जाएगी। जिलेवार बनने वाले नोडल सेंटर से ही परीक्षा केंद्रों को कॉपियां मिलेंगी। विश्वविद्यालय से संबद्ध वाराणसी के साथ ही भदोही, चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र में बने कॉलेजों में स्नातक तृतीय व पांचवें सेमेस्टर के साथ ही पीजी की सेमे-स्टर परीक्षाएं भी दिसंबर के पहले हफ्ते में होंगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा कार्यक्रम तो जारी कर दिया गया है, लेकिन अब तक केंद्र का निर्धारण फाइनल नहीं हो सका है।

## दिल्ली की तरह वाराणसी की हवा में भी घुल रहा है जहर

### ● शाम को घाट किनारे आंखों में हो रही जलन

**वाराणसी।** गंगा की लहरों पर अब डीजल का काला धुआं तैर रहा है। ये धुआं गंगाजल के साथ ही हवा में घुलकर इसे जहरीला बना रहा है। हालत यह है कि घाट किनारे शाम को खड़े होने पर आंखों में जलन हो रही है। बनारस का एयर क्वालिटी इंडेक्स ( एक्यूआई) 392 दर्ज किया गया। जबकि दिल्ली का एक्यूआई 311 रहा। गंगा में अस्सी से राजघाट के बीच डीजल वाली नावों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। वर्तमान में 60 फीसदी नावों का संचालन डीजल इंजन से हो रहा है। शाम को घाटों पर दूर-दूर तक काले धुएं की चादर नजर आ रही है। एयर क्वालिटी डॉट इन के अनुसार पीएम 2.5 271, पीएम 10 की 346 और कार्बन मोनोआक्साइड की अधिकतम मात्रा 441 रही। नगर निगम के पीआरओ संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने के लिए मुख्य मार्ग पर स्प्रिंकलर व वाटर कैनन से पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। नदी विज्ञानी डॉ. बीडी त्रिपाठी ने बताया कि डीजल नावों के संचालन से हवा में कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और सल्फर की मात्रा बढ़ रही है। गंगा में भी प्रदूषण बढ़ रहा है। डीजल इंजन के धुएं के कारण प्रदूषक तत्व गंगा की ऊपरी सतह पर जमकर प्रदूषित कर रहे हैं। इसका सीधा असर गंगा में रहने वाले जलीय जीवों पर पड़ता है और उनका सांस लेना मुश्किल होता है। नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार 2024 में 1217 नावों का लाइसेंस जारी किया गया था। 809 को सीएनजी में बदला गया था और 286 नावें चप्पू वाली थीं।






## डेमोग्राफी रिप्रेजेंटेशन डीलिमिटेशन : दी नार्थ साउथ डिवाइड इन इंडिया पुस्तक का विमोचन




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बाबू जगत सिंह शोध समिति संस्थान जगतगंज वाराणसी में प्रधानमंत्री म्यूजियम एवं लाइब्रेरी (PMML), नई दिल्ली के जॉइंट डायरेक्टर डॉ रविकांत मिश्रा के पुस्तक 'डेमोग्राफी रिप्रेजेंटेशन डीलिमिटेशन : दी नॉर्थ-साउथ डिवाइड इन इण्डिया' (2025) का लोकार्पण एवं विमोचन किया गया। यह किताब भारत में जनसंख्या की वृद्धि से जुड़े कई अहम विमर्शों से पाठकों को परि-चित कराती है। अपने लेखकीय वक्तव्य में डॉ रविकांत जन सामान्य के बीच अंतर्निहित कराए गए इस मिथक का कि उत्तर भारत, भारत के जनसंख्या वृद्धि के लिए जिम्मेदार है, कि आलोचना करते हैं। वे भारत में जनसंख्या बढ़ने की तीन मुख्य कारण बताते हैं : पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और सार्वजनिक स्वच्छता। लेखक यह भी कहते हैं कि भारतीय संविधान ने हर दशकीय जनगणना के परिसीमन कमीशन के निर्माण व उसके सलाह अनुरूप लोकसभा एवं विधानसभा सीटों के पुनः परिसीमन की व्यवस्था की गई गई थी। लेकिन आपातकाल के दौरान 42वीं संविधान संशोधन (1976) में नये परिसीमन पर 25 वर्षों के लिए रोक लगा दिया गया। जिसे पुनः 2001 में भी 25 वर्षों के लिए आगे बढ़ाया गया। जब जब दशकीय जनगणना के आधार पर परिसीमन की व्यवस्था को पुनः लागू करने की बात की जाती है दक्षिण भारत के राजनेताओं एवं कुछ अकादमिक विद्वानों द्वारा परिवार नियोजन के नाम पर इसका विरोध किया जाता है। यह विरोध भी प्रायः अतार्किक और अनैतिहासिक है। 1976 में जब इस परिसीमन पर रोक लगाया गया तब दक्षिण की भारत के जनसंख्या में हिस्सेदारी अपने उच्चतम स्तर पर थी। अतः लोकसभा सीटों में हिंदी भाषी क्षेत्रों को भारी नुक्सान उठाना पड़ा।

अंत में लेखक कहते परिसीमन का विषय उत्तर बनाम दक्षिण या पूर्व बनाम पश्चिम नहीं है अपितु यह एक राष्ट्रीय मुद्दा है। वे शोधकर्ताओं को कहते हैं कि जनांकिकी का अध्ययन करते समय हमें कम से कम दो से तीन सदी पीछे जाना तभी हम वस्तुनिष्ठ अध्ययन कर पाएंगे। इतिहास विभाग का.हि.विवि. के प्रोफेसर ध्रुव कुमार सिंह कहते हैं कि इस किताब को लेखक के कठिन एवं उत्कृष्ट श्रम का परिणति मनाते हैं। वे मुताबिक यह किताब जनांकिकी से जुड़े कई अहम आयामों से अच्छादित है।

जनमुख परामर्श मंडल : एस. कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज, श्रीनारायण खेमका, अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, वी.के.जैन, अध्यक्ष-जैन मिलन, वाराणसी, डा. एस.के.पाठक वरिष्ठ चिकित्सक, डा. नीलम ओहरी स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रधान सम्पादक ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा', समाचार सम्पादक सरोज सिन्हा, स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित। रजि.33134/78. फोन : 0542-2500324 9336929544, Email : janmukh.vns@gmail.com

## गोरखपुर समाचार

### नवविवाहित की गला रेतकर हत्या, बहन की शादी में आई थी मायके- 8 माह पहले उठी थी डोली, अब उठेगी अर्थी



**चौरीचौरा।** झंगहा थाना क्षेत्र के जंगल रसूलपुर नंबर दो स्थित लक्ष्मी गांव में बीती देर रात शादी समारोह में शामिल होने आई एक नवविवाहिता की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय शिवानी निषाद अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने आठ माह बाद मायके आई थी। देर रात वह शौचालय की तरफ गई, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। जब परिजनों ने खोजबीन की तो शौचालय में खून से लथपथ शिवानी का शव पड़ा मिला। शव देखते ही परिवार के लोग रोने-बिलखने लगे और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही झंगहा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया, जहां से साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस मोबाइल डिटेल, सर्विलांस और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना के खुलासे का प्रयास कर रही है। कई लोगों से पूछताछ भी की गई है। इस संबंध में सीओ चौरी चौरा मनीष कुमार शर्मा ने बताया कि, मौके का निरीक्षण किया गया है।

## भदोही समाचार

### पेड़ से टकराई बाइक रिटायर्ड दरोगा की मौत

**ऊंज।** थाना क्षेत्र के पिछरिया गांव के पास शनिवार की देर शाम बाइक पेड़ से टकरा गई। जिससे कलीपुर निवासी सेवानिवृत्त दरोगा कृपा शंकर सिंह (64) गंभीर रूप से घायल हो गए। वाराणसी ले जाते समय उनकी मौत हो गई। खबर मिलने पर परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पंचनामा के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। कलीपुर निवासी कृपाशंकर सिंह शनिवार शाम को किसी कार्य के लिए वहिदा मोड़ गए थे। वहां से लौटते समय सुरियावां-कलिंजरा मार्ग पर बनकट खास के पिछरिया गांव के पास एक पेड़ से बाइक टकरा गई। जिससे उनको गंभीर चोट लग गई। शोरगुल होने पर पहुंचे लोगों ने एंबुलेंस से सीएचसी भेजा। जहां हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया। जहां ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई।

## सुल्तानपुर समाचार

### अब तक न मिला हो एसआईआर फॉर्म तो तुरंत करें बीएलओ से संपर्क

**सुल्तानपुर।** जिले में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एसआईआर (स्पेशल इंडेक्स रजिस्टर) फॉर्म भरवाने का अभियान जोर पकड़ चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि चार दिसंबर तक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की यह जिम्मेदारी है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के प्रत्येक पात्र मतदाता का एसआईआर फॉर्म भरवाकर समय से जमा कराएं, इसके बाद भी यदि आपको प्रपत्र न मिला हो तो तुरंत अपने बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म लेकर भर लें। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म वितरित कर रहे हैं। इसके बावजूद कई ऐसे मतदाता हैं जिन्हें प्रपत्र नहीं मिला है। प्रशासन ने ऐसे मतदाताओं से अपील की है कि वे तुरंत अपने बूथ स्तर अधिकारी से संपर्क करें। बीएलओ का नाम, मोबाइल नंबर और बूथ संख्या संबंधित मतदान केंद्रों पर चस्पा है, इसके अलावा जिला निर्वाचन कार्यालय की वेबसाइट और हेल्पलाइन नंबर पर यह जानकारी उपलब्ध है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन व उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ल ने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध व अद्यतन बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का एसआईआर फॉर्म भरना अनिवार्य है। जिससे नए मतदाता जुड़ सकेंगे, और गलत या दोहरी प्रविष्टियों को हटाया जा सकेगा। सभी तहसीलों कादीपुर, लंभुआ, बल्दीराय, मुसाफिरखाना, जयसिंहपुर और सदर में बीएलओ को रोजाना प्रगति रिपोर्ट देनी होगी।

## मऊ समाचार

### पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी यूपी तक कई परियोजनाओं को दी स्वीकृति : एके शर्मा

**मऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी यूपी तक उपभोक्ताओं को निर्बाध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने कई नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली दरों में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी न किए जाने पर जिलेवासियों को बधाई दी है। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में कहा कि यह निर्णय प्रदेश सरकार की जन केंद्रित नीतियों और उपभोक्ता हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पिछले कई वर्षों में सरकार ने विद्युत क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं, जिसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा है। उत्तर प्रदेश ने एक उपलब्धि हासिल करते हुए लगातार छठे वर्ष भी बिजली दरों में कोई वृद्धि न करने की परंपरा कायम रखी है।

## गाजीपुर समाचार

### सरिया की दुकान में घुस गई तेज रफ्तार कार रिंग बना रहे एक मजदूर की मौत, तीन घायल



**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के सदर ब्लॉक गेट के सामने तेज रफ्तार एक कार बैक करते समय सरिया की दुकान में घुस गई। हादसे में सरिया का रिंग बना रहे राम अवध राजभर (45) की मौत हो गई जबकि तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर भाग गया। घटना से आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने दोपहर 2.30 बजे से शव रखकर कासिमाबाद- रसड़ा मार्ग जाम कर दिया। शाम 6.05 बजे एसडीएम लोकेश कुमार और सीओ शुभम वर्मा के समझाने- बुझाने और आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में ले पाई। कोतवाली प्रभारी सुरेश ने बताया कि दुकानदारों से पूछताछ में पता चला कि धरवारकला गांव निवासी रामअवध राजभर, राम विलास राजभर, सुरेश राजभर और शंकर राजभर ब्लॉक के प्रवेश द्वार के पास सरिया की दुकान पर सरिया का रिंग बनाने का काम करते हैं। दोपहर 2.05 बजे एक तेज रफ्तार कार आई और अनियंत्रित होकर ब्लॉक गेट के पास खड़ी कार से टकरा गई। यह देख चालक हड़बड़ा गया और कार बैक करने लगा। इस दौरान कार की रफ्तार इतनी बढ़ गई कि टीनशेड में चल रही सरिया की दुकान में रिंग बना रहे चार मजदूरों को चपेट में ले लिया।

## बलिया समाचार

### याद किए गए लोकबंधु राजनारायण

**बलिया।** लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी के संयुक्त तत्वावधान में सोबईबांध स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. वृंदावन मिश्र स्मृति परिसर में रविवार को लोकबंधु राजनारायण की जयंती पर स्मृति सभा हुई। अध्यक्षता करते हुए द्विजेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि संघर्षों के नायक लोकबंधु राजनारायण साल 1942 से जीवन के अंतिम क्षण तक अन्याय एवं जुल्म का प्रतिरोध करते रहे। नौ अगस्त 1942 को साथियों के साथ झाडू-टोकरी लेकर हरिजन बस्ती में सफाई के लिए जा रहे थे। बीएचयू गेट के पास एक पान के दुकानदार ने पूछा कि नेताजी कहां जा रहे हो। रात को ही मुंबई में गांधी-नेहरू को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके बाद लोकबंधु सफाई का सारा सामान वहीं छोड़कर मालवीय भवन गए, जहां डॉ. राधाकृष्णन हर रविवार को गीता पर प्रवचन कर रहे थे।

## प्रतापगढ़ समाचार

### पूर्व प्रधान के बेटे की गोली मारकर हत्या, दूसरे की हालत गंभीर



**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के कुंडा से सनसनीखेज मामला सामने आया है। कोतवाली के सरियावा में शनिवार की रात पड़ोसियों ने पूर्व प्रधान के दो बेटों को गोली मार दी। छोटे बेटे की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि बड़े बेटे की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया। कोतवाली के सरियावा निवासी पूर्व प्रधान गुड्डू का बड़ा बेटा 25 वर्षीय एहतेशाम उर्फ साहिल प्रधानी के चुनाव की तैयारी कर रहा है। शनिवार की रात करीब 9:45 बजे वह अपने छोटे भाई 22 वर्षीय फुरकान के साथ घर के पास खड़ा था। शाम को बाइक हटाने के विवाद में पड़ोसी सपा समर्थक तनवीर मिल्की व अन्य लोगों से कुछ कहासुनी हुई थी। जिसे लेकर रात में फिर कहासुनी होने लगी। ग्रामीणों के अनुसार सपा से जिला पंचायत का चुनाव लड़ चुके तनवीर मिल्की अपने घर से असलहा लेकर पहुंचा। उसने दोनों भाइयों पर ताबड़तोड़ कई राउंड फायर किए। सिर और गले में गोली लगने के कारण फुरकान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ कर पहुंचे। लोगों को आता देख हमलावर असलहा लहराते हुए घर की ओर भाग गए। आनन फानन में दोनों भाइयों को परिजन उपचार के लिए कुंडा सीएचसी ले गए। जांच चिकित्सको ने फुरकान को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल साहिल को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने प्रयागराज भेज दिया।खबर मिलते ही परिजन और पूर्व प्रधान के समर्थक अस्पताल पहुंचकर हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस लोगों को समझने का प्रयास करती रही लेकिन कोई कुछ भी सुनने को तैयार नहीं था। अस्पताल पहुंचे एएसपी बृजनंदन राय से परिजन आरोपियों का घर बुलडोजर से गिराने और एसपी को बुलाने की मांग करने लगे। मृतक के परिजन हत्या का आरोप सपा नेता तनवीर और उसके भाई भाजपा कार्यकर्ता के ऊपर लगा रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय का कहना है कि हत्यारोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## चंदौली समाचार

### चमेर बंधी में डूबे युवक का शव, परिवार में कोहराम

**नौगढ़।** चकरघट्टा थाना के चमेर बंधी में डूबे युवक सुनील कुमार का शव सोमवार को पांचवें दिन मिला। सुनील कुमार (24) का शव बंधी में उतराया मिला। शव मिलते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। शव मिलने के साथ ही पांच दिनों से चला आ रहा तलाशी अभियान समाप्त कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। क्षेत्र के बोझ गांव निवासी सुनील 17 नवंबर की शाम अपने साथी के साथ चमेर बंधी में मछली मारने गया था। अचानक गहरे पानी में समा जाने के बाद उसका कोई पता नहीं चला। घटना के तुरंत बाद थाना पुलिस ने मिसिंग रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के जिलों को सूचना भेज दी थी। इसके बाद एनडीआरएफ और गोताखोरों की टीम लगातार बंधी में तलाश करती रही, लेकिन चार दिनों तक कोई सुराग नहीं मिला।

**अदालती नोटिस गाजीपुर**
सम्मन बगरज तनकीह तलब
न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, गाजीपुर।
अपील संख्या 0373/2025
अंतर्गत धारा- 11(1) जो.च.अधि.
मौजा- सलारपुर, परगना सदर जिला गाजीपुर।
बालचन्द बनाम बरसाती आदि
बनाम- 1. बरसाती 2. लोरिक पुत्रगण सुन्दर निवासी ग्राम भदेव परगना व जिला गाजीपुर 3.पतिराम 4.सतिराम पुत्रगण तिलेसर 5.विक्रमा 6.मदन पुत्रगण मोती समस्त निवासीगण ग्राम चकशरीफ परगना मुहम्मदाबाद जिला गाजीपुर 7. बजरंगी पुत्र दीपन निवासी ग्राम भदेव परगना व जिला गाजीपुर 8. शिवनायक सिंह यादव पुत्र बालकिशुन 9.सुखिया स्त्री रामवृक्ष 10.ओमप्रकाश 11.रामदुलार 12. शिवकुमार पुत्रगण रामवृक्ष समस्त निवासीगण ग्राम चकशरीफ परगना मुहम्मदाबाद जिला गाजीपुर।
हरगाहवादी ने इस न्यायालय में उपरोक्त वाद प्रस्तुत किया है, जिसमें आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 09 माह 12 सन 2025 ई. को 10 बजे दिन स्वयं अथवा द्वारा अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होकर वाद में प्रतिवाद पत्र प्रस्तुत करें। अन्यथा आपके विरुद्ध अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध वाद में एकपक्षीय समायत की जायेगी। तारीख 18 माह 11 सन 2025 ई.
**न्यायालय की आज्ञा से- अहलमद**

## सोनभद्र समाचार

### जिलाधिकारी ने भ्रमणशील रहकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के बूथों का किए निरीक्षण



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री बी0 एन0 सिंह ने आज भ्रमणशील रहकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत विकास खण्ड चतरा के प्राथमिक विद्यालय तियरा कला, बरइल, लसड़ा, बी0आर0 सी0 चतरा, तहसील राबर्ट्सगंज में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं के नाम फीडिंग करने, गणना प्रपत्र का वितरण, बांटे गये गणना प्रपत्रों के एकत्रित करने की प्रगति का जायजा लिये। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय बरइल के बूथ पर सफाई कर्मी इन्द्र बहादुर अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सफाई कर्मी के निलम्बन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये और पंचायत सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाये, इस दौरान विभिन्न बूथों पर तैनात बी0एल0 ओ0 की उपस्थिति के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तो विकास खण्ड नगवां के प्राथमिक विद्यालय दरेव के शिक्षा मित्र बिक्रम सिंह अनुपस्थित पाये गये, इसी प्रकार से विकास खण्ड चोपन के प्राथमिक विद्यालय बिल्ली द्वितीय की सहायक अध्यापिका अर्चना तिवारी अनुपस्थित पायी गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित शिक्षा मित्र व सहायक अध्यापक को कारण बताओं नोटिस जारी कर वेतन भुगतान पर रोक लगाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी श्री हेमन्त कुमार सिंह, तहसीलदार सदर श्री अमित कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री जय राम सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**अदालती-नोटिस, गाजीपुर**
नोटिस निस्वत दिखाने वजह
(आमतौर पर)
न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, गाजीपुर।
एम.ए.सी.पी. नं. 112/2025
सुदामी देवी बनाम आलमगीर
बनाम- 1. आलमगीर पुत्र मो. वकील निवासी वार्ड नं. 04 शहीद नगर, सादात, थाना सादात, जनपद गाजीपुर (उ.प्र.)-275204 2. अमन अली उम्र अं. 14 वर्ष अवयस्क पुत्र आलमगीर द्वारा संरक्षक व पिता हकीकी आलमगीर निवासी वार्ड नं. 04 शहीद नगर, सादात, थाना सादात, जनपद गाजीपुर (उ.प्र.)-275204
हरगाहवादी ने दरखास्त गुजारी है कि लेहाजा आपको इत्तला दी जाती है कि आप दिनांक 18/12/2025 को 10 बजे दिन में खुद या वकील द्वारा दी गई तारीख को हाजिर होकर वजह दिखावें यदि ऐसा ना करेंगे तो दरख्वास्त आपकी गैरहाजिरी में एकतरफा समायत होगी। तारीख 22 माह 11 सन 2025 ई.
**न्यायालय की आज्ञा से- मुन्सरिम**

## जौनपुर समाचार

### बीएलओ के समय से नहीं पहुँचने पर कार्यवाही करने का निर्देश

**जौनपुर।** डीएम डॉ. दिनेश चंद्र के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से रविवार को मेगा डिजिटाइजेशन दिवस मनाया गया। बीएसए डा. गोरखनाथ पटेल ने विद्यालयों का निरीक्षण किया। बीएलओ के समय से नहीं पहुँचने पर बीएसए ने फोन के माध्यम से जानकारी ली। नाराज़गी व्यक्त की और आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। बीएसए डा. गोरखनाथ पटेल ने बीआरसी बक्शा सहित कई परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय गोपालापुर बक्शा में सभी शिक्षक उपस्थित मिले। लेकिन बीएलओ समय पर नहीं पहुँचे। बीएसए ने फोन के माध्यम से जानकारी लेकर कड़ी नाराज़गी जताई। आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों को रविवार को खोलकर बीएलओ को पूर्ण सहयोग देने एवं निर्वाचन संबंधित कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया था। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य में लगे बीएलओ को प्रतिदिन न्यूनतम 100 आवेदन प्रपत्रों की ऑनलाइन फीडिंग अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया गया है।

## मीरजापुर समाचार

### मीरजापुर रेलवे अंडरब्रिज के पास मिला मृत नवजात



**मीरजापुर।** रेलवे अंडरब्रिज के पास सड़क किनारे एक मृत नवजात मिला है। जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।
मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। यह पूरा मामला राजगढ़ थाना क्षेत्र में किसान इंटर कॉलेज के सामने का है। यहां नवजात को कपड़े में लपेटकर सड़क के किनारे फेंका गया था। स्थानीय लोगों ने जब देखा तो संदिग्ध लगा, इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। बता दें कि इसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह के चर्चाएं जारी है। वहीं, राजगढ़ थाना के एसएचओ दयाशंकर ओझा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### साईं बाबा के 100वें जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर

**मीरजापुर।** श्री साईं परिवार सेवा संगठन ने रविवार को साईं आंचल मंदिर प्रांगण में श्री सत्य साईं बाबा के 100वें जन्मदिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के संस्थापक अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने सत्य साईं बाबा के मानव सेवा से जुड़े उपदेशों का स्मरण करते हुए कहा कि भूखे को भोजन, प्यासे को पानी और असहाय की सेवा ही सच्चा धर्म है।
रक्तदान शिविर में कुल 15 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 11 लोगों ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान पिता-पुत्र अमित खंडेलवाल और गौरांक खंडेलवाल ने एक साथ रक्तदान कर प्रेरणा दी। रक्तदाताओं को पूनम नागपाल और राम कुमार गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।
कार्यक्रम के दौरान साईं परिवार टीम ने मुसहर बस्ती में भोजन पैकेट भी वितरित किए। इस आयोजन में पूनम नागपाल, वंदना राय, ज्योति गुप्ता और अमित गुप्ता ने सहयोग किया।

## बलिया समाचार

### हादसों में दो की मौत, एक जगह सड़क किया जाम

**लाटघाट/बलरामपुर।** जीयनपुर थाना क्षेत्र के चौको खुर्द गांव और कंधरापुर थाना क्षेत्र के मंदुरी-कंधरापुर मार्ग पर सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। चौको खुर्द में में आक्रोशित ग्रामीणों ने लाटघाट-नरहन मार्ग पर दो घंटे तक जाम लगाकर प्रदर्शन किया। जीयनपुर थाना क्षेत्र के चौको खुर्द गांव निवासी 65 वर्षीय एक्कम राम सुबह चाय पीने बाजार गए थे। वह सुबह 9:00 बजे चाय पीकर अब अपने घर की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान बभनौली गांव की तरफ से तेज रफ्तार मैजिक सड़क पर आ रही थी। अनियंत्रित मैजिक ने सड़क पर वृद्ध को टक्कर मार दिया। इससे वे लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। इधर टक्कर मारने के बाद मैजिक चालक लाटघाट की तरफ भाग गया। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर आ गए। उन्होंने तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई करने और शव का पोस्टमार्टम कराकर मुआवजाा देने की मांग को लेकर लाटघाट-नरहन मार्ग को जाम कर दिया।

**नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।
मुत0वाद सं0—245/2024
हिरेन उर्फ पप्पू—बनाम—दुर्गा प्रसाद
1.दुर्गा प्रसाद 2.भैरो 3.त्रिभुवन पुत्रगण स्व0 सोचन 4.जानकी देवी 5.मानकी देवी 6.भगौती देवी 7.सैगावती 8.निर्मला पुत्रीगण स्व0 सोचन सा0मौ0 मण्डवीवर उर्फ पचहटिया पर0 हवेली तह0 सदर जिला जौनपुर 9.सुखदेव पुत्र स्व0 रामपलट 10.हीरावती पुत्री स्व0 रामपलट 11.संगीत विधवा जगदेव 12.फूलचन्द 13.दीपचन्द 14.सुन्दर 15.सूरज 16.अभिषेक पुत्रगण स्व0 शिवपलट सा0मौ0 सरेमू पर0 व तह0 केराकत जिला जौनपुर।
**ता0पेशी—26.11.2025 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 26.11.2025 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2025 ई0 को निक. ाली गयी।
**आज्ञा से—सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।**

**नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।
मुत0वाद सं0—32/2025
एजाज अहमद—बनाम मो0 तारिक
1.मोहम्मद तारिक पुत्र स्व0 इब्रा. हिम नि0मो0 अजमेरी पर0 हवेली तह0 सदर जिला जौनपुर।
**ता0पेशी—28.11.2025 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 28.11.2025 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2025 ई0 को निक. ाली गयी।
**आज्ञा से— सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।**

**नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।
मुत0वाद सं0—273/2024
साहबलाल—बनाम—घनश्याम
1.घनश्याम पुत्र रवीन्द्रनाथ गुप्ता नि0मो0 धरनीधरपुर पर0 हवेली तह0 सदर जिला जौनपुर।
**ता0पेशी—03.12.2025 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 03.12.2025 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2025 ई0 को निक. ाली गयी।
**आज्ञा से— सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।**

**नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।
मुत0वाद सं0—63/2022
मो0अनस—बनाम मासूमरजा
1.मासूमरजा पुत्र हादीरजा नि0मो0 रिजवी खां पर0 हवेली तह0 सदर जिला जौनपुर।
**ता0पेशी—08.12.2025 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवे. दन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 08.12.2025 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने मे असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2025 ई0 को निकाली गयी।
**आज्ञा से— सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।**

**.नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।
मुत0वाद सं0—24/2024
नन्हकू—बनाम—प्रवीण कुमार
1.प्रवीण कुमार पुत्र जयनरायन सिंह सा0मौ0 राजेपुर पर0 हवेली तह0 सदर जिला जौनपुर।
**ता0पेशी—09.12.2025 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवे. दन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 09.12.2025 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवे. दन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2025 ई0 को निकाली गयी।
**आज्ञा से— सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।**

**नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।
मुत0वाद सं0—262/2024
दिलीप कुमार—बनाम—अनिल कुमार सरोज
1.अनिल कुमार सरोज पुत्र श्यामनाथ ग्रामप्रधान 2. जनार्दन सिंह पुत्र रामकुमार सिंह सा0मौ0 राजेपुर द्वितीय पर0 बयालसी तह0 सदर जिला जौनपुर।
**ता0पेशी—12.12.2025 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवे. दन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 12.12.2025 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवे. दन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2025 ई0 को निकाली गयी।
**आज्ञा से— सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।**

**नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।
मुत0वाद सं0—100/2025
राहुल—बनाम—नरेन्द्र कुमार
1.नरेन्द्र कुमार पुत्र शोवरी सा0मौ0 जमैथ पर0 हवेली तह0 सदर जिला जौनपुर।
**ता0पेशी—02.01.2026 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 02.01.2026 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2025 ई0 को निक. ाली गयी।
**आज्ञा से— सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।**

**नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।
मुत0वाद सं0—91/2024
धर्मेन्द्र कुमार—बनाम—रामकेश उर्फ रामफेर
1.रामकेश उर्फ रामफेर पुत्र लक्खू सा0मौ0 हाजीबक्श पर0 हवेली तह0 सदर जिला जौनपुर।
**ता0पेशी—15.12.2025 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 15.12.2025 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2025 ई0 को निक. ाली गयी।
**आज्ञा से— सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।**

**नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।
मुत0वाद सं0—70/2025
रामनवल—बनाम—रजदेई
1.रजदेई पुत्री सकूरी पत्नी लालता 2.चंचल देई पुत्री सकूरी पत्नी जगरदेव सा0मौ0 नेवादा (रधेपुर) पर0 हवेली तह0 सदर थाना सिकरारा जिला जौनपुर।
**ता0पेशी—26.12.2025 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 26.12.2025 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2025 ई0 को निक. ाली गयी।
**आज्ञा से— सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।**

**नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।
मुत0वाद सं0—179/2024
फिरतूराम—बनाम—आशा देवी
1.आशा देवी पत्नी मिटठू प्रजा. पति 2.मिटठू प्रजापति पुत्र स्व0 विक्रमा 3.मंगनी उर्फ मगना बेवा विक्रमा सा0मौ0 मनवल पर0 हवेली तह0 सदर जिला जौनपुर।
**ता0पेशी—17.12.2025 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 17.12.2025 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2025 ई0 को निक. ाली गयी।
**आज्ञा से— सिविल जज जू0डि0 शहर जौनपुर।**

## वेडिंग सीजन में छा जाने के लिए 5 बेस्ट ब्राइडल हेयरस्टाइल, जो आपके लुक को देंगे शाही अंदाज



इस वेडिंग सीजन में ब्राइडल हेयरस्टाइल का चुनाव लुक को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और भारतीय दुल्हनों के लिए गजरा ट्रेल, स्लिक बैक हाफ-अप हाफ-डाउन, लेस-अप ब्रेड्स, बबल ब्रेड और मैशी पोनीटेल जैसे 5 ट्रेंडी विकल्प उपलब्ध हैं, जो हर रस्म के लिए परफेक्ट लुक दे सकते हैं। वेडिंग सीजन शुरू होते ही हर कोई अपने सपनों की परफेक्ट वेडिंग प्लानिंग में जुट जाते है। आउटफिट, ज्वेलरी और मेकअप के साथ-साथ दुल्हन को अपने पूरे लुक को निखारने के लिए पहले से काफी तैयारी करनी पड़ती है। खासतौर पर भारतीय दुल्हनों को तो शादी के दिन के अलावा कई प्री-वेडिंग और पोस्ट-वेडिंग रस्मों के लिए भी अलग-अलग लुक तय करने होते हैं। ऐसे में भागदौड़ और तैयारियों के बीच कई बार दुल्हनें अपनी शादी के लिए सही ब्राइडल हेयरस्टाइल चुनना भूल जाती हैं। जबकि एक बढ़िया हेयरस्टाइल न सिर्फ़ लुक को पूरा करता है, बल्कि आउटफिट की खूबसूरती भी बढ़ा देता है। इस वेडिंग सीजन के सबसे ट्रेंडी और स्टाइलिश ब्राइडल हेयरस्टाइल्स ट्राई कर सकती हैं।

**शादियों के लिए टॉप 5 ब्राइडल के हेयरस्टाइल**

**गजरा ट्रेल**

जो दुल्हन अपनी शादी के लिए एक भव्य, डिवाइन और अद्भुत रूप चाहते हैं, उनके लिए गजरा ट्रेल हेयरस्टाइल ट्राई करना चाहिए। एक लंबी,मोटी चोटी या फिर पीठ पर लहराते ताजे गजरों से सजी जूड़ा के साथ, आप शाही अंदाज में नजंर आएंगी।

**स्लिक बैक आधा ऊपर आधा नीचे**

अपने खास दिन के लिए एक साफ-सुथरी, आकर्षक हेयरस्टाइल की तलाश में दुल्हनों के लिए, स्लिक बैक हाफ-अप हाफ-डाउन एकदम सही ऑप्शन होगा। इस हेयरस्टाइल में आपके बाल पीछे की ओर और आपके चेहरे से दूर हो जाएंगे। आप अपने बाकी बालों को बेफिक्र, बीची वेव्स में कर्ल भी करवा सकती हैं।

**लेस-अप ब्रेड्स**

शादी के मौसम के लिए सबसे आसान हेयरस्टाइल में से एक है लेस-अप ब्रेड्स। आप अपनी बोरिंग ब्रेड में चटख रंगों वाली लेस लगाकर एक मजेदार टच दे सकती हैं। रिबन से लेकर मोतियों की लड़ियों, चेन और असली फूलों तक, आप अपनी ब्रेड्स को इस तरह से आकर्षक बना सकती हैं।

**बबल ब्रेड हेयरस्टाइल**

आपकी हल्दी से लेकर मेहंदी की रस्म के लिए, बबल ब्रेड एकदम बेस्ट हेयरस्टाइल है। यह हेयरस्टाइल आप पर काभी खूबसूरत लगेगा और आप बिना किसी चिंता के मजे कर पाएंगी। यह हेयरस्टाइल काफी ट्रेंडी है।

**मैशी पोनीटेल**

आजकल की आधुनिक दुल्हनें अपने रिसेप्शन या कॉकटेल पार्टी के लिए टेक्सचर्ड, कम रखरखाव वाला, और फॉर्मल लुक पसंद करती हैं। अपनी मैशी हुई पोनीटेल को और भी आकर्षक बनाने के लिए, बालों की कुछ लटें आगे की ओर खींचकर और कर्ल्स लगाकर इसे धांसू लुक दें।



## जानिए क्या होता है मोबाइल स्किन टैन और कैसे बचें इससे

आज के समय में फोन के बिना हम अपना एक भी दिन बिताने के बारे में नहीं सोच सकते हैं। सुबह उठते ही इंस्टाग्राम, दफ्तर में व्हाट्सऐप और रात को वेब-सीरीज़, स्क्रीन देखने का समय इतना बढ़ गया है कि इससे स्किन से जुड़ी समस्याएं पैदा होने लगी हैं। इन्हीं में से एक है मोबाइल स्क्रीन टैन। जिस तरह धूप से स्किन टैन होता है, ठीक वैसे ही फोन की स्क्रीन भी चेहरे को टैन और बेजान बना देती है। लेकिन ये टैन चेहरे के सिर्फ एक ही हिस्से पर दिखता है, क्योंकि हम फोन को हमेशा एक ही तरफ, एक ही एंगल से पकड़े रहते हैं।

जब हम स्क्रीन पर बहुत ज्यादा समय बिताते हैं तो इससे स्किन का रंग काला पड़ना, दाग-धब्बे, बेजान रंगत, आंखों के नीचे कालापन आदि समस्याएं शुरू हो जाती हैं। इसे पूरी तरह से अवॉयड नहीं किया जा सकता, लेकिन कुछ आसान तरीकों को आजमाकर आप इससे काफी हद तक बच सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में-

**जब हम फोन को बहुत पास रखकर लगातार इस्तेमाल करते हैं, तो उसकी स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी और हल्की गर्माहट धीरे-धीरे चेहरे की त्वचा को नुकसान पहुंचाने लगती है। इससे चेहरे के सिर्फ एक ही हिस्से पर कालापन, डलनेस और पिग्मेंटेशन दिखने लगता है। इसे डिजिटल टैन भी कहा जाता है।**

**मोबाइल स्क्रीन टैन होता क्या है?**

जब हम फोन को बहुत पास रखकर लगातार इस्तेमाल करते हैं, तो उसकी स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी और हल्की गर्माहट धीरे-धीरे चेहरे की त्वचा को नुकसान पहुंचाने लगती है। इससे चेहरे के सिर्फ एक ही हिस्से पर कालापन, डलनेस और पिग्मेंटेशन दिखने लगता है। इसे डिजिटल टैन भी कहा जाता है।

**मोबाइल स्क्रीन टैन का पता कैसे लगाएं**

मोबाइल स्क्रीन टैन होने पर हमें अपनी स्किन पर कुछ अंतर नजर आने लगते हैं। मसलन, एक आंख के नीचे डार्कनेस बढ़ना, स्किन का बेजान और थका हुआ महसूस होना, छोटे-छोटे धब्बे या दानों जैसे हल्के निशान नजर आना या फिर फोन चलाते समय चेहरे पर हल्की गर्मी महसूस होना आदि। अगर आपको रात को लेटकर स्क्रॉल करने की आदत है, तो मोबाइल स्क्रीन टैन होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

**मोबाइल स्क्रीन टैन से बचने के हैक्स**

मोबाइल स्क्रीन टैन को पूरी तरह अवॉयड नहीं किया जा सकता। लेकिन उससे बचने के लिए कुछ आसान हैक्स आजमाए जा सकते हैं।

**मसलन-**

- फोन में 'नाइट लाइट' या 'ब्लू लाइट फिल्टर' का विकल्प होता है, उससे चालू रखें।
- फोन की स्क्रीन की रोशनी थोड़ी कम रखो। बहुत तेज रोशनी वाली स्क्रीन ज्यादा नुकसान करती है।
- फोन को बिल्कुल नजदीक चिपका कर मत चलाओ। वहीं,बिस्तर पर चलाते समय फोन को साइड में रखो, सीधे चेहरे के ऊपर नहीं।
- अगर आपका स्क्रीन टाइम ज्यादा है तो ऐसे में ब्लू लाइट से बचाने वाले चश्मे पहनें।
- घर पर भी सनस्क्रीन लगाएं। ब्लू लाइट से होने वाले टैन को सनस्क्रीन की मदद से मैनेज किया जा सकता है।
- स्किन को ठंडक पहुंचाने के लिए हर 2-3 घंटे में चेहरे पर गुलाब जल, खीरे वाला पानी या ठंडे पानी का हल्का छींटा मारो।

## महंगे स्किनकेयर को कहें अलविदा, घर पर बनाएं बेहद सस्ते और असरदार शीट मास्क, पाएं बेदाग त्वचा



जब भी आप घर पर शीट मास्क बनाएं तो आंख बंद करके किसी रेसिपी को फॉलो न करें। बल्कि पहले अपनी स्किन टाइप को समझें और फिर उसी के हिसाब से शीट मास्क बनाएं। आज इस हम आपको अपनी स्किन टाइप के आधार पर शीट मास्क बनाने के तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं। आज के समय में शीट मास्क काफी ज्यादा पॉपुलर हो रहे हैं। शीट मास्क हमारी स्किन को अंदरूनी पोषण देते हैं, जिससे हमारी स्किन ग्लो करने लगती है। लेकिन मार्केट में मिलने वाले शीट मास्क महंगे होने के साथ केमिकल्स और प्रिजर्वेटिव्स का भी इस्तेमाल किया जाता है। जिससे स्किन को फायदा कम और नुकसान अधिक होता है। यही कारण है कि घर पर नेचुरल तरीके से शीट मास्क बनाना अधिक बेहतर और सुरक्षित माना जाता है। ऐसे में अगर आप भी घर पर शीट मास्क बना रही हैं, तो आप आसानी से अपनी स्किन के हिसाब से इसको कस्टमाइज कर सकती हैं। बता दें कि घर पर आप आसानी से शीट मास्क बना सकती हैं। जब भी आप घर पर शीट मास्क बनाएं तो आंख बंद करके किसी रेसिपी को फॉलो न करें। बल्कि पहले अपनी स्किन टाइप को समझें और फिर उसी के हिसाब से शीट मास्क बनाएं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको अपनी स्किन टाइप के आधार पर शीट मास्क बनाने के तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**ड्राई स्किन के लिए शीट मास्क**

अगर आपकी त्वचा ड्राई है, तो आपको ऐसे शीट मास्क की जरूरत है, जो आपकी स्किन को गहराई से नमी दे सके। वहीं स्किन में रूखेपन और फ्लेकीनेस की समस्या को कम कर सके। ऐसे में आप ऐलोवेरा जेल, शहद और बादाम तेल की सहायता से शीट मास्क बनाकर तैयार कर सकती हैं।

**सामग्री**

एलोवेरा जेल- 2 बड़े चम्मच
शहद- 1 छोटा चम्मच
कुछ बूंदें बादाम का तेल
आवश्यकतानुसार गुलाब जल
रेडीमेड कंप्रेस्ड शीट मास्क

**ऐसे इस्तेमाल करें**

एक बाउल में सभी सामग्री डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब मार्केट में मिलने वाला कंप्रेस्ड शीट मास्क को इस मिश्रण में डिप करके छोड़ दें। यह तैयार सीरम को अब्जॉर्ब कर लेगा। अब अपनी स्किन को साफ करें और तैयार शीट मास्क लगाकर 15 मिनट के लिए लगाएं।

**ऑयली स्किन के लिए शीट मास्क**

ऑयली स्किन के लिए एलोवेरा जेल, टी ट्री ऑयल और ग्रीन टी का इस्तेमाल काफी अच्छा माना जाता है। यह स्किन पोर्स को टाइट करने के साथ ही स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल को भी कंट्रोल करने में मदद करता है।

**सामग्री**

तैयार की हुई ठंडी ग्रीन टी- 2 बड़े चम्मच
एलोवेरा जेल- 1 छोटा चम्मच
टी ट्री ऑयल- 2-3 बूंदें

**ऐसे इस्तेमाल करें**

एक बाउल में सभी सामग्री डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब मार्केट में मिलने वाला कंप्रेस्ड शीट मास्क को इस मिश्रण में डिप करके छोड़ दें। जब शीट मास्क मिक्स को अब्जॉर्व कर लेगा। फिर अपनी त्वचा को साफ करके इस शीट मास्क को फेस पर 15 मिनट लगाकर हटा दें। इस शीट मास्क को लगाने से रेडनेस की समस्या कम हो जाती है।

**सेंसेटिव स्किन के लिए शीट मास्क**

अगर आपकी त्वचा सेंसिटिव है, तो आपको अपनी स्किन का ख्याल रखने की अधिक जरूरत है। वहीं यह होममेड शीट मास्क त्वचा में होने वाली जलन, रेडनेस और खुजली को शांत करता है। वहीं खीरा और गुलाबजल स्किन को ठंडक देता है और ऐलोवेरा जेल त्वचा को हील करने में सहायता करता है।

**सामग्री**

खीरे का रस- 2 बड़े चम्मच
गुलाब जल- 2 बड़े चम्मच
एलोवेरा जेल- 1 छोटा चम्मच
कैमोमाइल टी- कुछ बूंदें

**ऐसे इस्तेमाल करें**

एक बाउल में सभी सामग्री डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब मार्केट में मिलने वाला कंप्रेस्ड शीट मास्क को इस मिश्रण में डिप करके छोड़ दें। जब शीट मास्क मिक्स को अब्जॉर्व कर लेगा। फिर अपनी त्वचा को साफ करके इस शीट मास्क को फेस पर 15 मिनट लगाकर हटा दें।

शेयर करें

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682